बरेली, बुधवार
14 अगस्त, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

PAGE NO 6 : TOP

दैनिक जागरण की तिरंगा यात्रा में शामिल हुए एसआरएमएस के छात्र-छात्राएं • जागरण

यह जागरण का अच्छा प्रयास है। बरेली वालों को यह तो पता ही होना चाहिए कि उनके यहां आजादी के लिए क्या-क्या हुआ था। बरेली के दो एंट्री प्वाइंट पर फतेहगंज हैं। एक पश्चिमी और दूसरा पूर्वी। इनके नाम फतेहगंज इसलिए पड़े क्योंकि यहां से हमला करने का प्रयास हुआ था जिसे हमारे क्रांतिकारियों ने फतेह किया।

- रमित शर्मा, डीजीजी

आज का उत्साह देखकर लग रहा है कि पाकई स्वतंत्रता दिवस का आगाज हो चुका है। हमें इसी तरह से उत्साह बनाए रखना है। हर व्यक्ति 15 अगस्त को अपने घर पर तिरंगा जरूर लगाएं, जिससे हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का किया गया आह्वान पूरा हो सके। दैनिक जागरण का धन्यवाद जो इतना अच्छा कार्यक्रम किया।

- ब्र. राकेश सिंह, आइजी

सभी को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान बनाए रखना है। यदि कोई झंडा जमीन पर है, उस पर धूल लगी है या फिर कोई अन्य कारण जिससे उसका अपमान हो तो उसका वीडियो या फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित न करें।

- रवींद्र कुमार, डीएम

हम सभी इस कार्यक्रम में जिस उमंग से शामिल हुए हैं। वही उमंग हमारे अंदर आगे भी रहनी चाहिए। सभी लोग अपने घरों पर तिरंगा जरूर लगाएं। दैनिक जागरण की पूरी टीम को धन्यवाद जो इतना अच्छा आयोजन किया।

- अनुराग आर्य, एसएसपी

मेरा संदेश हमारी युवा पीढ़ी के लिए है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जो भी बातें सीखीं उन्हें केवल यहीं तक नहीं छोड़ना बल्कि इन्हें आगे भी लेकर जाना है। जागरण की पूरी टीम का बहुत धन्यवाद।

- निधि गुप्ता उप्र, नगर आयुक्त

स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को आजाद कराने और देश को उन्नति के मार्ग पर ले जाने का जो स्वप्न देखा। तिरंगा यात्रा उसी एकता और देशभक्ति की प्रतीक है। आयोजन के लिए जागरण परिवार को बधाई, शुभकामनाएं। **- आदित्य मूर्ति, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन, एसआरएमएस मेडिकल कालेज**